(2) ये उपविधि जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तारीख से लागू/प्रभावी होंगे।

2–ये उपविधि जनपद ऊधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों की सीमाओं के भीतर लागू होंगे।

3– परिभाषाएं

(1) जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस उपविधि में निम्नांकित परिभाषाएं लागू हैं :–

(क) "बल्क उद्यान और बागवान कचरा" का अर्थ है, उद्यानों बागो आदि से उत्सर्जित बल्क कचरा, जिसमें घास कतरन, खरपतवार, कार्बनयुक्त काष्ठ ब्राउन सामग्री जैसे पैडों की छटाई से उत्पन्न कचरा, पेडो की कटिंग, टहनियां, लकडी की कतरन, भूसा, सूखी पत्तियां, पेडों की छटाई आदि से उत्पन्न ठोस कचरा, जो दैनिक जैव अपघटीय कचरे के संकलन में समायोजित नहीं किया जा सकता है।

(ख) "बल्क कचरा उत्सर्जन" का अर्थ है कि ठोस कचरा प्रबन्धन नियम, 2016 (जिसे बाद में यहां एस0डब्ल्यू0एम0 नियम कहा जाएगा) के नियम 3(1)(8) के अन्तर्गत परिभाषित बल्क कचरा उत्सर्जक और सम्बद्ध क्षेत्रीय कर समाहर्ता/राजस्व निरीक्षक या उससे वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा अधिसूचित ठोस कचरा उत्सर्जक;

(ग) "संग्रह" का अर्थ है, कचरा उत्सर्जन के स्रोत से ठोस कचरे को उठाना और संग्रहण बिंदुओं या किसी अन्य स्थान तक पहुचाना;

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ है अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर अथवा उनके द्वारा अधिकृत कोई कार्मिक।

(ड़) "निर्माण एवं विध्वंस कचरा" का वही अर्थ होगा, जो निर्माण एवं विध्वंस कचरा नियम, 2016 नियम 3(1)(ग) में परिभाषित किया जाता है।

(च) "स्वच्छ क्षेत्र" का अर्थ है, किसी परिसर के सामने और चारों ओर या निकटवर्ती फुटपाथ तक विस्तारित स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, जिसमें नाली, फुटपाथ और पट्री के किनारे शामिल है।

(छ) "सामुदायिक कूड़ाघर (ढलाव)" का अर्थ है, जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा स्थापित और संचालित अथवा एक या अधिक परिसरों के मालिकों और/या अधिभोगियों द्वारा मिल कर सड़क किनारे/ऐसे मालिकों/अधिभोगियों के किसी एक परिसर में अथवा समक्ष अधिकारी द्वारा अधिकृत उनके साझा परिसर में पृथक्कृत ठोस कचरे के संग्रहण के लिए स्थापित और संचालित और संचालित कोई संग्रह केंद्र;

(ज) "कंटेनराइज्ड हैंड कार्ट" का अर्थ है, ठोस कचरे के बिन्दु दर बिन्दु संग्रह हेतु जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर या उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति या संस्था या फर्म या संविदाकर्ता या ऐजेंसी या एजेंट द्वारा प्रदत्त कन्टेनर से है।

(झ) "सुपुर्दगी" का अर्थ है किसी भी श्रेणी के ठोस कचरे को जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के वर्कर या ऐसे कचरे की सुपुर्दगी के लिए जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति या संस्था या फर्म या संविदाकर्ता या ऐजेंसी या एजेंट द्वारा प्रदान किए गये वाहन में डालना;

(ञ) "ई–कचरा" का अर्थ वही होगा, जो ई–कचरा(प्रबन्धन) नियम, 2016 के नियम 3(1)(आर) में निर्दिष्ट किया गया हैं;

(ट) "फिक्स्ड काम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन(एफसीटीएस)" का अर्थ है, एक ऊर्जा चालित मशीन, जिसका डिजाइन बिखरे हुए ठोस कचरे को काम्पैक्ट करने के लिए किया गया है और प्रचालन के समय स्थिर रहती है। प्रचालन के समय काम्पैक्टर मोबाईल भी हो सकती है, जिसे मोबाईल ट्रांसफर स्टेशन(एफसीटीएस) कहा जा सकता है;

(ठ) "कूडा–कचरा" का अर्थ है, सभी प्रकार का कूड़ा और उसमें कोई भी ऐसा कचरा पदार्थ शामिल जिसे फेंकना अथवा संग्रह करना इन उपविधियों के अन्तर्गत प्रतिबन्धित है और ऐसा करने से किसी व्यक्ति, जीव जंतु को परेशानी होने या पर्यावरण अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के प्रति खतरा पहुंचने की आशंका हो।

(ड) "गंदगी फैलाने" का अर्थ है, किसी ऐसी बस्ती में गंदगी उत्सर्जित करना, डालना, दबाना, अथवा तत्सम्बन्धी अनुमति देना, जहां वह गिरती, ढलती, बहती, धुलकर, रिसकर अथवा किसी अन्य तरीके पहुचती हो अथवा गंदगी के उत्सर्जित होने, बहकर आने, धुलकर आने या अन्य किसी तरह से खुले या सार्वजनिक स्थल पर आने की आशंका हो।

(ढ) "स्वामी" का अर्थ है, जो किसी भवन, या भूमि या किसी भाग के मालिक के रूप में अधिकारों का इस्तेमाल करता हैं;

(ण) "सार्वजनिक स्थल" का अर्थ है, कोई ऐसा स्थान, जो आम लोगों के इस्तेमाल और मनोरंजन के लिए सहज सुलभ हैं, भले ही वह वास्तव में लोगों द्वारा इस्तेमाल या उपभोग किया जा रहा हो या नहीं;

(प) "संग्रहण" का अर्थ है, ठोस कचरे को अस्थायी तौर पर इस तरह से संग्रह करना जिससे गंदगी न फैले और मच्छर आदि कीटों, आवारा पशुओं और अत्याधिक बदबू का प्रकोप रोका जा सके;

(फ) "सैनेटरी वर्कर" का अर्थ है, जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा एकत्र करने या हटाने के लिए जिला पंचायत द्वारा नियोजित व्यक्ति;

(ब) "उपयोगकर्ता शुल्क(यूजर चार्ज)/प्रभारी" का अर्थ है, जिला पंचायत द्वारा समय–समय पर सामान्य या विशेष आदेश के जरिए कचरा उत्सर्जक पर लगाया गया शुल्क(यूजर चार्ज) या प्रभार, ताकि ठोस कचरा संग्रह, ढुलाई, और निपटान सेवाओं की आंशिक अथवा पूर्ण लागत कवर की जा सके;

(म) "खाली प्लाट" का अर्थ है, प्राइवेट पार्टी/व्यक्ति/सरकारी एजेंसी से सम्बद्ध कोई ऐसी भूमि या खुला स्थान, जिस पर किसी का कब्जा न हो;

(2) यहां प्रयुक्त लेकिन परिभाषित न किए शब्दों और अभिव्यक्तियों, का अर्थ वही होगा, जो ठोस कचरा प्रबन्धन नियम 2016 और निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबन्धन नियम 2016 में अभिप्रेत होगा।

अध्याय–2
ठोस कचरे के ढुलाई

4. ठोस कचरे की ढुलाई निम्नांकित बातों को ध्यान में रखकर की जाएगी:–

(क)ग्रामीण क्षेत्रों में घरों, प्रतिष्ठानों, मेरेझाल आदि से उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे को जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर द्वारा अपने सफाई कर्मी लगाकर काम्पैक्टर से अपने वाहनों के द्वारा निस्तारण केन्द्र तक पहुँचाया जायेगा।

(ख) कचरे की ढुलाई के लिए प्रयुक्त वाहन भलीभांति कवर्ड होंगे। ताकि एकत्र कचरे का दुष्प्रभाव मुक्त वातावरण पर न पड़े। इन वाहनों में काम्पैक्टर और मोबाईल ट्रान्सफर स्टेशन शामिल हो सकते हैं, जो जिला पंचायत द्वारा चुनी गई प्रोद्योगिकी पर निर्भर करेगा।

(ग) जिला पंचायत द्वारा स्थापित संग्रहण केन्द्रों से कचरे के निपटान के लिए वाहन सप्ताह के द्वितीय या तृतीय दिवस या साप्ताहिक या जैसा जिला पंचायत दिवस नियत करे काम करेंगे। कूडेदान या कन्टेनरों के आस–पास के क्षेत्र को साफ रखा जायेगा।

(घ) आवासीय और अन्य क्षेत्रों से एकत्र किया गया पृथककृत जैव अपघटिय कचरा प्रोसेसिंग प्लाण्टों से जैसे–कम्पोस्ट प्लाण्ट, बायो–मिथिनेशन प्लाण्ट या अन्य केन्द्र तक कवर्ड तरीके से पहुँचाया जाएगा।

अध्याय–3
ठोस कचरे की प्रोसेसिंग

5. ठोस कचरे की प्रोसेसिंग के लिए अन्य दिशा–निर्देशः–

(क) जिला पंचायत द्वारा सभी निवासी, कल्याण संगठनों, समूह, आवास समितियों, बाजारों, द्वारबन्द समुदायों और 5000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र रखने वाले संस्थानों, सभी होटलों, एवं रेस्त्राओं, बैंकेट हॉलों और इस तरह के अन्य स्थलों पर यथासाभव कम्पोस्टिंग अथवा बायो–मिथेनेशन के जरिए जैव अपघटीय कचरे वाले अन्य कचरा उत्सर्जकों को भी जैव अपघटीय कचरे को स्व–स्थाने (उनके मूल स्थान पर) प्रोसेसिंग को वरियता दी जाएगी।

(ख) जिला पंचायत यह निर्देश पारित करेगी कि सब्जी, फल, मांस, पोल्ट्री और मछली व्यापार मंडिया अपने जैव अपघटीय कचरे को प्रोसेसिंग करते समय स्वच्छ स्थितियां बनाए रखना सुनिश्चित करें;

(ग) जिला पंचायत यह निर्देश पारित करेगी कि बागवानी, उद्यानों और पार्कों से उत्सर्जित कचरे का निपटान अलग से यथासम्भव पार्कों और उद्यानों में ही किया जाए।

(घ) जिला पंचायत कचरा प्रबन्धन में समुदाय को शामिल करने और घर पर ही कम्पोस्टिंग, बायो गैस उत्पादन, सामुदायिक स्तर पर कचरे की विकेन्द्रीकृत प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित करेगी। परन्तु ऐसा करते समय बदबू को नियन्त्रित रखना तत्सम्बन्धी यूनिट के आस–पास स्वच्छता स्थितियां बनाये रखना अनिवार्य होगा।

अध्याय–4
ठोस कचरे का निपटान

6. ठोस कचरे का निपटानः–

(क) जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा कूड़ाकचरा निकालने का कार्य स्रोत स्थल पर किया जायेगा।

(ख) जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा विशेष त्यौहरों पर सफाई की व्यवस्था विशेष प्रकार से की जायेगी।

अध्याय–5

उपयोगकर्ता शुल्क(यूजर चार्ज) और स्थल पर ही जुर्माना/दण्ड लगाना

7. ठोस कचरे का संग्रहण, ढुलाई, निपटान के लिए उपयोगकर्ता शुल्क(यूजर चार्ज):–

(क) कचरा उत्सर्जकों से कचरा संग्रहण, ढुलाई और निपटान हेतु सेवाएं प्रदान करने के लिए जिला पंचायत द्वारा यूजर चार्ज निर्धारित किया जाएगा। यूजर चार्ज की दरें अलग–अलग निर्धारित होगी जिसमें हाऊस होल्ड, मेरीझाल, चिकन स्टॉल, चाय की दुकान, अन्य प्रतिष्ठान आदि सम्मिलित होंगे। यूजर चार्ज की दरें अनुसूची–1 में निर्दिष्ट है।

(ख) कचरा उत्सर्जकों से निर्धारित इस्तेमालकर्ता शुल्क की वसूली जिला पंचायत के क्षेत्रीय कर समाहर्ता/राजस्व निरीक्षक/राजस्व सहायक अथवा अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा अधिकृत कर्मी या व्यक्ति या संस्था या फर्म या संविदाकर्ता या सुपरवाइजर या एजेंसी द्वारा की जाएगी।

(ग) जिला पंचायत इन उपविधियों के शासकीय गजट में प्रवृत्त होने की तारीख से 3 माह के भीतर, यूजर चार्ज लगाने के प्रयोजन के लिए कचरा उत्सर्जन का डाटाबेस तैयार करेगी और यूजर चार्ज की बिलिंग/संग्रह/वसूली के लिए समुचित व्यवस्था विकसित करेगी। डाटाबेस को नियमित रूप से अद्यतन बनाया जाएगा।

(घ) जिला पंचायत ऑनलाईन भुगतान के लिए कचरा उत्सर्जकों से यूजर चार्ज की वूसली के लिए विभिन्न पद्धतियां भी अपनाई जा सकती है।

(ड़) यूजर चार्ज का भुगतान – कचरा उत्सर्जकों द्वारा यूजर चार्ज का भुगतान प्रत्येक माह की 05 तारिख से पूर्व किया जाना अनिवार्य होगा।

(च) वार्षिक और छमाही भुगतान की प्रणाली अपनाई जा सकती है। यदि कचरा उत्सर्जकों द्वारा यूजर चार्ज समूचे वर्ष के लिए अग्रिम अदा किया जाता है,तो ऐसे में 12 महीने के बजाए 11 महीने का शुल्क लिया जाएगा।

(छ) यूजर चार्ज का भुगतान कार्यालय जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में भी किया जा सकता है।

(ज) यूजर चार्ज से जो भी आय प्राप्त होगी उसे कूड़ा निस्तारण के कार्यों में व्यय किया जायेगा।

(झ) यदि कोई कचरा उत्सर्जक द्वारा यूजर चार्ज का भुगतान नहीं किया जाता है तो उस पर जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा मासिक रूप से विलम्ब शुल्क यूजर चार्ज के अतिरिक्त पृथक से लगाया जायेगा, जो कि निम्न प्रकार होगा–

क्र.सं.	यूजर चार्ज की धनराशि रूपये में	विलम्ब शुल्क रूपये में प्रतिमाह
1	50.00 रू0 तक	5.00 रू0
2	50.00 रू0 से 100.00 रू0 तक	10.00 रू0
3	100.00 रू0 से 200.00 रू0 तक	15.00 रू0
4	200.00 रू0 से 300.00 रू0 तक	20.00 रू0
5	300.00 रू0 से 400.00 रू0 तक	25.00 रू0
6	400.00 रू0 से 500.00 रू0 तक	30.00 रू0
7	500.00 रू0 से 600.00 रू0 तक	35.00 रू0
8	600.00 रू0 से 700.00 रू0 तक	40.00 रू0
9	700.00 रू0 से 800.00 रू0 तक	50.00 रू0
10	800.00 रू0 से 900.00 रू0 तक	60.00 रू0
11	900.00 रू0 से 1000.00 रू0 तक	100.00 रू0

1000.00 रू0 से अधिक के यूजर चार्ज पर 100.00 रू0 पर 10.00 रू0 प्रतिमाह की दर से वृद्धि करते हुए विलम्ब शुल्क लिया जायेगा।

(ट) यूजर चार्ज ग्रामीण बाजारों, प्रतिष्ठानों, हाऊस होल्ड आदि से लिया जायेगा यदि कहीं ग्रामीण परिवारों के द्वारा कूड़ा निस्तारण नहीं किया जाता है तो जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा उनके कूड़ा निस्तारण किये जाने की स्थिति में ऐसे ग्रामीण परिवार से अनुसूची–1 में दी गयी दरों के अनुसार यूचर चार्ज लिया जायेगा। ऐसे ग्रामीण परिवार के द्वारा यूजर चार्ज का भुगतान न किये जाने की स्थिति में उपरोक्तानुसार विलम्ब शुल्क लिया जायेगा।

(ठ) अनुसूची–1 में वर्णित यूजर चार्ज इन उपविधियों के प्रभावी होने के 02 वर्ष के उपरान्त यूजर चार्ज की दरों में तथा विलम्ब शुल्क की दरों में वृद्धि करने अधिकार अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत, अथवा जिला पंचायत की सामान्य बैठक में निहित होगा

(ढ़) यूजर चार्ज की वूसली केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक सामान्य या विशेष आदेश के जरिए अधिकृत संस्था या व्यक्ति या संविदाकार या ऐजेन्सी द्वारा की जाएगी।

(ण) यूजर चार्ज के भुगतान में चूक होने के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा चूककर्ता से उसकी वसूली भू–राजस्व के बकाये की भॉती वसूली की जाएगी,अथवा सक्षम क्षेत्रायुक्त मा0 न्यायालय में चालान के माध्यम से वसूली की जाएगी।

उपयोग शुल्क/पर्यावरण सेवा शुल्क – अपशिष्ट संग्रह और निस्तान की प्रकिया में लगने वाली लागत को सेवा शुल्क के रूप में अर्थात यूजर चार्ज के रूप में प्रतिघर/प्रतिपरिवार प्रतिमाह से न्यूनतम 30.00 रू0 तथा व्यवसायिक प्रति प्रतिष्ठानों आदि से अनुसूची–1 में दी गयी दरों के अनुसार श्रेणीवार प्रतिमाह लिया जायेगा।

8. एसडब्ल्यूएम नियमों के उल्लंघन के लिए जुर्माना/दण्डः–

(क) एसडब्ल्यूएम नियमों अथवा इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन अथवा अनुपालन करने में विफलता के लिए इन उपविधियों के परिशिष्ट में दी गई अनुसूची–2 में वर्णित अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

(ख) उपरोक्त खंड (क) में वर्णित अनुसार उल्लंघन या गैर–अनुपालन की स्थिति बार बार आने पर ऐसी प्रत्येक चूक के लिए जुर्माना प्रतिदिन या महीना, जो भी लागू हो, के अनुसार लागया जाएगा।

(ग) जुर्माना या दण्ड लगाने हेतु निर्दिष्ट/प्राधिकृत अधिकारी अपर मुख्य अधिकारी एवं अध्यक्ष जिला पंचायत सामान्य या विशेष आदेश के अधीन अन्य अधिकारियों/कर्मियों को भी नामित कर सकते है। जुर्माना/दण्ड राशि अनुसूचि–2 में दी गई है।

(घ) अनुसूची–2 में वर्णित जुर्माना अथवा दण्ड राशि इन उपविधियों के प्रभावी होने के 02 वर्ष के उपरान्त जुर्माना अथवा दण्ड की दरों में वृद्धि करने अधिकार अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत, अथवा जिला पंचायत की सामान्य बैठक में निहित होगा

(ड) निर्दिष्ट/प्राधिकृत अधिकारियों/कर्मियों द्वारा जुर्माना मौके पर लगाया और वसूली किया जाएगा। जुर्माना का भुगतान मौके पर जमा न करने में उक्त धनराशि भू–राजस्व के बकाये की भांति वूसील की जायेगी, अथवा सक्षम क्षेत्रायुक्त मा0 न्यायालय में चालान के माध्यम से वसूली की जाएगी,अथवा एवं मामले में पर्यावरण(संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्धारित अनियोजन की प्रकिया अपनाई जाएगी।

(च) कूड़ा कचरा उत्सर्जक/किसी भी प्रतिष्ठान/हाऊस होलड/संस्थान/फैक्ट्री इत्यादि स्थलों का जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष अथवा अधिकृत अधिकारी/कर्मियों द्वारा किसी भी दिवस में निरीक्षण किये जाने के अधिकार होगा और इस उपविधियों के उल्लंघन पाये जाने की दशा में ऐसे उल्लघंनकर्ता का प्रतिष्ठान/संस्थान/फैक्ट्री आदि को ताला बन्द किये जाने का अधिकार उक्त निरीक्षणकर्ताओं को होगा।

उल्लघंन, दंड का प्राविधान – कोई भी व्यक्ति/प्रतिष्ठान/संस्थान/जो अपशिष्ट को नालियों, सार्वजनिक सडक, गली, सडक के किनारे, जल स्रोत के किनारे, नदी, नालों, नहरों, या कोई ऐसा स्थान जहॉ पर कचरा डालान वर्जित हो वहां पर कचरा डाले जाने पर उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016 की धारा 106 के अधीन बनाये गये इन उपनियमों का उल्लंघन करने पर सुसंगत उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016 की धारा 149 के अन्तर्गत दण्ड का पात्र होगा। साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं हैंडलिंग नियम पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 29 में पारित किये गये नियमों की अवेहलना पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम में प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही किया जाना भी अपेक्षित है।

अध्याय–6

प्रतिभागियों के दायित्व

9. कचरा उत्सर्जकों के दायित्वः–

(9.1) कूड़ाफेकने पर पाबंदी

(क) किसी सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा फैलाना : अधिकृत स्थलों या अधिकृत कूड़ादानों या निजी कूडादानो के सिवाय कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा न फैंकेगा और न ही कूड़ा न हीं फैलाएगा। कोई व्यक्ति विशेष प्रयोजन के लिए प्रावधान किए गए सार्वजनिक केंद्रो या सुविधाओं को छोड़कर किसी सार्वजनिक स्थल पर वाहनों की मरम्मत, बर्तन या कोई अन्य उपकरण धोने/साफ करने का काम नहीं करेगा या किसी प्रकार का संग्रहण नहीं करेगा।

(ख) किसी सम्पत्ति पर कूड़ा फैलाना : अधिकृत निजी अथवा सार्वजनिक कूड़ेदानों के सिवाय कोई व्यक्ति किसी मुक्त या रिक्त

सम्पत्ति पर कूड़ा न हीं डालेगा।

(ग) वाहनों से कूड़ा फैंकना : किसी वाहन के ड्राइवर या यात्री के रूप में कोई व्यक्ति किसी गली, सड़क, फुटपाथ, खेल के मैदान, उद्यान, ट्रेफिक आइलैड या अन्य सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा नहीं फैकेगा।

(घ) मालवाहक वाहन से गंदगी डालना : कोई भी व्यक्ति तब तक किसी ट्रक या अन्य मालवाहक वाहन को नहीं चीलाएगा, जब तक कि ऐसे वाहन का निर्माण और लदान इस प्रयोजन के लिए अधिकृत न किया गया हो ताकि सड़क, फुटपाथ, खेल का मैदान, उद्यान, ट्रेफिक आइलैड या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कोई लोड, पदार्थ अथवा गंदगी डालने से रोका जा सके।

(ड) स्वंय/पालतू पशुओं से गंदगी : कुत्ता, बिल्ली आदि पालतू जानवरों के मालिकों का यह भी दायित्व होगा कि गली अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर ऐसे जानवरों द्वारा उत्सर्जित किसी प्रकार की गंदगी को तत्काल उठाएगा/साफ करेगा और इस तरह के उत्सर्जित कचरे के समुचित निपटान के लिए समुचित उपाय करेगा, जिनमें स्वंय की सीवेज प्रणाली से निपटान को वरीयता दी जाएगी।

(च) नालियों आदि में कचरे का निपटान : कोई व्यक्ति किसी नाली/नदी/खुले तालाब/जल निकायों में गंदगी नहीं डालेगा।

(छ) जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत समस्त खाद्य पदार्थ विकेताओं (जैसे होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा इत्यादि) को स्वच्छता/सफाई से सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्रतिवर्ष जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर से प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

(9.2) कचरे को जलाना : सार्वजनिक स्थानों पर या निजी स्थान पर या निषेध सार्वजनिक सम्पत्ति पर ठोस कचरे के किसी भी प्रकार के जलाने द्वारा निपटान निषिद्ध होगा।

(9.3) "स्वच्छ क्षेत्र" : प्रत्येक व्यक्ति यह प्रयास करेगा कि उसके स्वामित्व या कब्जे वाले परिसर के सामने कोई भी सार्वजनिक स्थान अथवा आस–पास का क्षेत्र स्वच्छ रहे। इन स्थानों में फुटपाथ और खुली नालियों/गटर, सड़क किनारा शामिल है, जो किसी भी तरह ठोस या तरल कचरे से मुक्त होने चाहिए।

(9.4) सार्वजनिक सभाओं और किसी कारण (जुलूस, प्रदर्शनियां, सर्कस, मेले, राजनैतिक रैलियां, वाणिज्यक, धार्मिक, सामाजिक, सांस्तुतिक कार्यकमों, विरोध प्रदर्शनों और प्रदशनों आदि सहित) से सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित की जाने वाली गतिविधयों, जिनमें पुलिस विभाग और/या जिला पंचायत से अनुमति अपेक्षित हो, के मामले में ऐसी गतिविधियों के आयोजनकर्ता का यह दायित्व होगा कि वह उस क्षेत्र और आस–पास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करें।

(9.5) ऐसे आयोजनों के मामले में आयोजक से जिला पंचायत द्वारा अधिसूचित रिफंड योग्य स्वच्छता धरोहर राशि सम्बद्ध अधिकृत अधिकारी/कर्मियों द्वारा प्राप्त की जाएगी, जो कार्यक्रम की अवधि में उसके पास जमा रहेगी। यह जमा राशि कार्यक्रम पूरा होने के बाद रिफंड की जाएगी लेकिन उससे पहले यह जांच की जाएगी कि उक्त सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता बहाल कर दी गई है या नहीं? यह धरोहर राशि सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता के लिए होगी और सम्पत्ति को पहुंचाई गई किसी भी प्रकार की क्षति का हर्जाना नहीं होगा। यदि आयोजनकर्ता कार्यक्रम के आयोजन के परिणाम स्वरूप उत्सर्जित कचरे की सफाई, संग्रहण और ढुलाई में जिला पंचायत की सेवाए प्राप्त करना चाहते हो, तो उन्हें जिला पंचायत को आवेदन करना होगा तथा इस प्रयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया गया अपेक्षित शुल्क जमा करना होगा।

(9.6) खाली प्लाण्ट पर ठोस कचरा डम्प करने और गैर–निर्दिष्ट स्थानों पर निर्माण और विध्वंस कचरा डाले जाने की स्थितियों से जिला पंचायत निम्नाकित ढंग से निपटेगीः–

(क) जिला पंचायत किसी परिसर के मालिक/अधिभोगी को नोटिस भेज सकता है, जिसमें ऐसे मालिक/अधिभोगी से उक्त परिसर पर डाले गए किसी भी प्रकार के कचरे को नोटिस में वर्णित तरीके और समय सीमा के भीतर हटाने को कहा जाएगा।

(ख) यदि नोटिस पाने वाला व्यक्ति नोटिस में वर्णित अपेक्षाएं पूरी करने में विफल रहता है, तो ऐसे व्यक्ति को समय समय पर निर्धारित जुर्माना/दंड का भुगतान करना होगा।

(ग) यदि नोटिस पाने वाला व्यक्ति नोटिस में वर्णित अपेक्षाओं का अनुपालन करने में विफल रहता है तो जिला पंचायत निम्नांकित कार्यवाही कर सकती हैः–

(1) ऐसे परिसर में प्रवेश कर कचरे को साफ करना।

(2) अधिभोगी से कचरा साफ करने पर किए गए व्यय को वूसल करना।

(9.7) डिस्पोजेबल उत्पादों और सेनिटरी नेपकिन तथा डायपर्स के विनिर्माताओं या मालिकों का दायित्व

(क) डिस्पोजेबल उत्पादों जैसे–टिन, कांच, प्लास्टिक पैकेजिंग आदि के सभी विनिर्माताओं अथवा जिला पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत वाले बाजारों में ऐसे उत्पाद प्रारम्भ करने वाले ब्रैड मालिकों को कचरा प्रबन्धन प्रणाली के लिए जिला पंचायत को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करनी होगी। जिला पंचायत इस प्रावधान के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के सम्बद्ध विभागों के साथ समन्वय कर सकती है।

(ख) ऐसे सभी ब्रैड मालिकों को, जो गैर–जैव अपघटीय पैकेजिंग सामग्री में अपने उत्पाद बेचते या विपणन करते हैं, उन्हें ऐसी प्रणाली कायम करनी होगी, जिसमें उनके उत्पादन के कारण उत्सर्जित पैकेजिंग कचरे को वापस लिया जा सके।

(ग) सेनिटरी नेपकिन और डायपर्स विनिर्माता या ब्रैड मालिक या विपणन कम्पनियां इस बात की सम्भावनाओं का पता लगाएगी कि उनके उत्पादों में सभी रीसाइक्लिंग योग्य पदार्थों का इस्तेमाल किस हद तक किया जा सकता है अथवा वे अपने सेनिटरी उत्पादों के पैकेट के साथ एक ऐसा पाउच या रैपर उपलब्ध कराएंगी, जिनसें नेपकिन या डायपर का निपटान किया जा सके।

(घ) ऐसे सभी विनिर्माता, ब्रैंड मालिक या विपणन कम्पनियां अपने उत्पादों की रैपिंग और डिस्पोजल के लिए लोगों को शिक्षित करेगी।

10 जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर के दायित्व:– जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित काम्पैक्टरों का संचालन सूचारू रूप से किया जायेगा, काम्पैक्टरों का व सैनिटरी कर्मियों का रख रखाव किया जायेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित काम्पैक्टरों से कूड़ा प्राप्त कर वाहनों के माध्यम से कूड़ा निस्तारण केन्द्रों तक पहुँचाया जायेगा। यूजर चार्ज एकत्रित करने और यूजर चार्ज को खर्च करने का दायित्व जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर का होगा, इसके अतिरिक्त इस सम्बन्ध में शासन द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिये जायेगें, उनको अनुपालन करने का दायित्व भी जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर का होगा।

अनुसूची–1

ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए श्रेणीवार उपयोगं शुल्क (यूजर चार्ज) का विवरण

क्र0सं0	अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी/अपशिष्ट का प्रकार	प्रतिमाह सेवा शुल्क (यूजर चार्जेज रुपये में)
1	2	3
1	प्रति परिवार सामान्य	रू0 40.00
	प्रति परिवार मलिन बस्ती	रू0 30.00
2	ढाबा	रू0 100.00
3	रैस्टोरेन्ट	रू0 200.00
4	पान स्टॉल/टी–स्टॉल/ठेले	रू0 50.00
5	होटल/लॉजिग/गेस्ट, हाउस 20 बेड तक	रू0 100.00
	होटल/लॉजिग/गेस्ट, हाउस 20 बेड से अधिक	रू0 200.00
6	धर्मशाला	रू0 100.00
7	कार्यालय 50 कर्मचारियों तक	रू0 200.00
	कार्यालय 100 कर्मचारियों तक	रू0 300.00
	कार्यालय 300 कर्मचारियों तक	रू0 400.00
	कार्यालय 300 कर्मचारियों से अधिक	रू0 500.00
8	फैक्ट्री	रू0 1000.00
	वर्कशाप	रू0 200.00
9	दुकान	रू0 100.00
10	सिनेमाहॉल	रू0 200.00
11	बेकरी/फूड ज्वाईन्ट बेकरी आउटलेट	रू0 100.00
12	हॉस्टल 1 से 10 कमरों तक	रू0 200.00
	हॉस्टल 10 कमरों से अधिक	रू0 300.00

13	बैंक	रू0 500.00
14	फास्ट फूड	रू0 100.00
15	स्वीट शॉप	रू0 100.00
16	वेजीटेबिल/फल, शब्जी की दुकान	रू0 60.00
17	समस्त सरकारी स्कूल	रू0 100.00
18	निजी स्कूल कक्षा 1 से 8 तक	रू0 800.00
19	निजी स्कूल इण्टरमीडिएट तक	रू0 1500.00
20	बार	रू0 500.00
21	बैंकट हॉल/बरातघर	रू0 1000.00
22	मांस एवं मछली	रू0 100.00
23	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम 20 बेड तक (बायोमेडिकल वेस्ट को छोड़कर)	रू0 800.00
	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम 21 बेड से 40 बेड तक (बायोमेडिकल वेस्ट को छोड़कर)	रू0 1500.00
	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम 41 बेड से 100 बेड तक (बायोमेडिकल वेस्ट को छोड़कर)	रू0 2500.00
	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम 100 बेड से अधिक (बायोमेडिकल वेस्ट को छोड़कर)	रू0 5000.00
24	क्लीनिक/डेन्टल क्लीनिक फिजियोथिरोपी/डायगनोस्टिक सैन्टर (जैसे एक्स–रे, सी0टी0स्केन अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलौजी आदि)	रू0 500.00
25	चाय की दुकान	रू0 30.00
26	कबाड़ी की दुकान	रू0 100.00
27	सार्वजनिक/निजी स्थलों पर सर्कस/प्रदर्शनी आदि आयोजन जिनसे अपशिष्ट उत्पन्न हो	रू0 0.10/प्रतिस्कवायर फिट प्रतिदिन/500.00रू0 प्रतिदिन जो अधिक हो
28	ढहान और निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट 0.50 घन मी0 तक	रू0 300.00
	ढहान और निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट 3.0 घन मी0 तक	रू0 600.00
	ढहान और निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट 6.0 घन मी0 तक	रू0 1500.00
	ढहान और निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट 6.0 घन मी0 से अधिक पर	रू0 2500.00
29	गन्ने रस/अन्य जूश विक्रेता	रू0 100.00 प्रतिमाह
30	उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य (प्रतिष्ठान की स्थिति के अनुसार)	रू0 100.00से 1000.00तक

वर्णित यूजर चार्ज इन उपविधियों के प्रभावी होने के 02 वर्ष के उपरान्त यूजर चार्ज की दरों में तथा विलम्ब शुल्क की दरों में वृद्धि करने अधिकार अपर मुख्य अधिकारी/अध्यक्ष जिला पंचायत, अथवा जिला पंचायत की सामान्य बैठक में निहित होगा

अनुसूची–2
जुर्माना/दण्ड

क0सं0	नियम/उप नियम संख्या	अपराध	निम्नांकित पर लागू	प्रत्येक चूक के लिए जुर्माना(रूपये में)
1	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(1)(क)	कचरे को पृथक करने और संग्रह करने तथा पृथक्कृत कचरे को इन नियमों के अनुसार सौंपने में विफल रहना	आवासीय	100
			बल्क जनरेटर	500
			5000 वर्ग मीटर से कमक्षेत्र वालें विवाह/पार्टी हाल, फेस्टिवल हाल पार्टी लान प्रदर्शनी और मेले स्थल	1000
			5000 मीटर से कम क्षेत्र वाले	5000

			क्लब सिनेमाघर पब्स सामुदायिक हॉल, मल्टीप्लेक्सेज और अन्य	
			ऐसे स्थान 5000मीटर से कम क्षेत्र वाले अन्य गैर–आवासीय स्थान	500
			फिस,मीट विकेता द्वारा कूडे को पृथ्थकरण तरीके से न रखना	800
2	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(2)	1. सडक/गली में कूड़ाफैंकना, थूकना	उल्घनकर्ता	200 से 5000 एवं कार्यवाही उत्तराखण्ड कूड़ा फैकना, एवं थूकना प्रतिषेध अधिनियम 2016 के अन्तर्गत होगी।
		2. नहाना, पैशाब करना जानवरो को चारा खिलाना, कपडे धोना वाहन धोना, गोबर नाली में बहाना		500
3	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(1)(ख) और (घ)	नियमानुसार सेनिटरी कचरे का निपटान करने में विफल रहना। नियम के अनुसार बागवानी और उद्यान कचरे के निपटान में विफल रहना।	आवासीय	100
			गैर–आवासीय/बल्क जनेटर	500
4	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(1)(ग)	नियम के अनुसार निर्माण और विध्वंस कचरे के निपटान में विफल रहना।	आवासीय	500
			गैर–आवासीय/बल्क जनेटर	5000
5	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(2), 15(ट)	ठोस कचरे का खुले में जलाना	उल्लंघनकर्ता	5000 से 20000
6	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(4)	निर्धारित प्रकिया का अनुपालन किए बिना किसी गैर लाइसेंसीकृत स्थल पर 100 व्यक्तियों से अधिक की भागीदारी के साथ कार्यक्रम या योजना सभा का आयोजन करना	ऐसा कार्यकम या सभा आयोजित करने वाले व्यक्ति अथवा ऐसा व्यक्ति जिसकी ओर से ऐसा कार्यकम या सभा आयोजित की गई हो और इवेंट मैनेजर यदि कोई हो, जिसने कार्यकम या सभा आयोजित की हो	10,000
7	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(5)	नियम के अनुसार कचरे का निपटान करने में विफल रहने वाले गली विकेता/वेन्डर कूड़ादान न रखने एवं कूडे को पृथ्थकरण न करने, अपशिष्ट भण्डारंन डिपो या पात्र या वाहन में डालने में विफल रहने पर	उल्लघंनकर्ता	200
8	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(2), 15(छ)	सार्वजनिक स्थलों सड़कों गलियों आदि में गंदगी फैलाना/कुत्ते/ अन्य जानवरों द्वारा मल त्याग/उत्सर्जित कचरे के निपटान में विफलता	अपराधी	500

निम्नांकित उल्लघंनों के लिए महीने में केवल एक बार जुर्माना लगाया जाएगा				
9	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(6)	नियमों के अनुसार कचरे के निपटान में विफलता	निवासी कल्याण एसोसिएशन, आर. डब्ल्यू.ए	5000
			बजार एसोसिएशन, संघ	10,000
10	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(7)	नियमों के अनुसार कचरे का निपटान में विफलता	द्वार बन्द समुदाय	5000
			संस्थान	10000
11	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(8)	नियमों के अनुसार कचरे का निपटान में विफलता	होटल	10000
			रेस्टोरेंट	5000
12	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 17(2)	उत्पादन के कारण सृजित पैकेजिंग कचरे को वापस लेने की प्रणाली कायम किये बिना डिस्पोजल उत्पादों की बिक्री अथवा विपणन	विनिर्माता और/या ऑनर/स्वामी	50000
13	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 17(3)	नियमों के अनुसार उपाय करने में विफलता	विनिर्माता और ब्रॉड स्वामी और विपणन कम्पनियां	25000
14	एसडब्ल्यू नियमों का नियम 15य(ड)	नियमों के उपाय करने भवन योजना में अपशिष्ट संग्रहण केन्द्र स्थापित करने में विफलता	उल्लंघनकर्ता, ग्रुप हाउसिंग सोसाईटि या मॉर्केट काम्पलेक्स आदि	25000
15	एसडब्ल्यू नियमों का नियम 20(ग)	गलियों पहाडियों सार्वजनिक स्थलों में अपशिष्ट यथा कागज, पानी की बोतल, सोफ्ट ड्रिंक कैन, टैट्रा पैक अन्य कोई प्लास्टिक या कागज अपशिष्ट का फैकने पर	उल्लंघनकर्ता/पर्यटक/वाहन/चालक	500
16	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 20(घ)	नगर निगम की उप विधि का होटल/ अतिथिगृह में बोर्ड लगाकर व्यवस्था करने में विफलता	उल्लंघनकर्ता/होटल/अतिथिगृह स्वामी	500
17		सार्वजनिक सभाओं जलूस प्रदेशिनियों, सर्कस, मेले राजनैतिक रैलिया, वाणिजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यकमों विरोध प्रर्दशन आदि सहित से सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित गतिविधियों के क्षेत्र एवं आस–पास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करने में विफलता	आयोजनकर्ता	5000

शास्ति

उपरोक्त उपविधि के अन्तर्गत किसी भाग का उल्लंघन करने पर पंचायतीराज अधिनियम 2016 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत दण्डनीय होगा, जो उपयोग शुल्क (यूजर चार्जस) की निर्धारित दरों का 10 गुना तक अधिकतम हो सकता है, और जब ऐसा उल्लंघन निरन्तर किया जाय तो अग्रेत्तर जुर्माना किया जायेगा, जो प्रथम दोष सिद्धि के दिनॉक के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए, जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना होगा, प्रत्येक दिन रू0 100.00 तक हो सकेगा, यह अधिकार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर में निहित होगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।

ह0 (अस्पष्ट),
अध्यक्ष,
जिला पंचायत, ऊधम सिंह नगर।

ओमकार सिंह,
निदेशक।

निदेशालय पंचायतीराज, उत्तराखण्ड

01 जून, 2023 ई0

संख्या 177/933/जि0पं0अ0को0/2022–23 देहरादून

जिला पंचायत उत्तरकाशी द्वारा उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 की धारा 106 (ख, ड़) का प्रयोग करते हुए अपने प्रस्ताव संख्या–2 दिनांक 27 अप्रैल, 2023 द्वारा जानकी चट्टी यमनोत्री धाम में नारायणपुरी की सीमा में आने वाले समस्त यात्री वाहन जो कि नारायणपुरी जानकीचट्टी यात्रा मार्ग पर स्थित स्थान पालीगाड़ में प्रवेश करेंगे पर्यटकों/यात्रियों को लायेंगे से ईको शुल्क आरोपित करने हेतु उपविधियां निर्मित की गई हैं।

कार्यालय जिला पंचायत उत्तरकाशी

(इको टैक्स आरोपण/वसूली संबंधी उपविधियां)

उपविधियॉं

जिला पंचायत उत्तरकाशी के बैठक दिनांक 12–10–2022 को पारित प्रस्ताव जिसमें जिला पंचायत द्वारा यमुनोत्री धाम के अन्तर्गत जानकीचट्टी यमुनोत्री मार्ग की सफाई व्यवस्था, जानकीचट्टी, खरसाली, नारायणपुरी (बीफ) सम्पूर्ण यात्रा क्षेत्र एंव यहां के मार्ग पर पड़ने वाले समस्त बाजारों की सफ़ाई व्यवस्था की जानी है साथ–साथ जिला पंचायत जिले के अधिकांश ग्रामीण बाजारों में सफाई व्यवस्था करती है। उक्त व्यवस्था हेतु यमुनोत्री धाम में आने वाले यात्रियों/पर्यटकों के वाहनों से ईको शुल्क लिया जाय जिसमें इन यात्रियों/पर्यटकों के कारण क्षेत्र में होने वाली गन्दगी का समुचित निपटारा किया जा सके। इस हेतु प्रस्ताव पारित हुआ है कि शीघ्र उपविधि तैयार कर सक्षम अधिकारी के माध्यम से गजट नोटिफिकेशन किया जाए।

पंचायतीराज अधिनियम 2016 उत्तराखण्ड की धारा 106 (ख,ड) का प्रयोग करते हुए जानकी चट्टी यमनोत्री धाम में नरायणपुरी की सीमा में आने वाले समस्त यात्री वाहन जो कि नारायणपुरी जानकीचट्टी में प्रवेश करेंगे पर्यटकों/यात्रियों को लायेंगे से ईको शुल्क आरोपित करने हेतु निम्न उपविधियां है जिनकी पुष्टि निदेशक पंचायतीराज उत्तराखण्ड देहरादून पंचायतीराज अधिनियम की धारा 2016 की धारा 106 (ख,ड) के अन्तर्गत करते है। प्रस्तुत उपविधियां शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी।

ईको पर्यटक शुल्क एसे सभी वाहनों जिनसे पर्यटक बड़कोट—जानकीचट्टी मार्ग से नारायणपुरी (बीफ) बैरियर से आगे पर्यटकों को लेकर ज़ानकीचट्टी आ रहे वाहनों के परिचालक/कण्डक्टरों द्वारा जिला पंचायत पर्यटक ईको शुल्क वसूली हेतु नियुक्त कर्मचारी/अधिकृत फर्म निम्नानुसार प्रति प्रवेश पर अदा किया जायेंगा जिसके लिए स्थान—पालीगाड़ नाके/बैरियर/वसूली बूथ पर तैनात जिला पंचायत उत्तरकाशी/फर्म द्वारा जिला पंचायत से प्रमाणित रसीद बुक से दो प्रतियों में रसीद दी जायेगी, ज़िसमें से परिचालक द्वारा एक रसीद जिला पंचायत द्वारा निर्धारित जानकीचट्टी पर जिला पंचायत के अधिकृत कर्मचारियों/अधिकारियों को मांगने पर उपलब्ध करानी होंगी1 जिला पंचायत उत्तरकाशी में जानकीचट्टी यमुनोत्री सीमा अन्तर्गत प्रवेश करने पर निम्नानुसार शुल्क देय होगा—

- बस 28 सीट से ऊपर — ₹ 200.00
- मिनी बस/28 सीट से कम — ₹ 150.00
- कार/जीप/वैन/10 सीट से कम — ₹ 100.00
- दो पहिया वाहन/स्कूटर/मोटर साईकिल — ₹ 20.00

अनुज्ञा/शस्ति/छूट :—

(I) सभी सरकारी विभागों के यात्री वाहनों को ईको पर्यटक शुल्क से मुक्त रहेंगे।

(II) स्थानीय निकायों, निगमों, भारत सरकार के वाहन शुल्क मुक्त रहेंगे।

(III) शव वाहन, एम्बुलेंस, माल वाहक वाहन/ट्रक निबोचन वाहन, विवाह वाहन में प्रयोग किये गये सभी निजी वाहन शुल्क मुक्त रहेंगे।

(IV) स्थानीय निजी वाहन जिनका उपयोग स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है, शुल्क मुक्त रहेंगे। उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम 2016 की धारा 106 (ख,ड) जिला पंचायत उत्तरकाशी एतद् द्वारा निर्देश देती है कि इस उपविधि में किसी प्राविधान के उल्लंघन से जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी या अधिकृत अधिकारी न्यूनतम ₹ 2000.00 से अधिकतम ₹ 5000.00 तक किया जा सकेगा।

ह0 (अस्पष्ट),
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, उत्तरकाशी।

ओमकार सिंह,
निदेशक।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 23 हिन्दी गजट/235—भाग 1—क 2023 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक—अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रूड़की।

पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 10 जून, 2023 ई0 (ज्येष्ठ 20, 1945 शक सम्वत्)

भाग 8

सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि

कार्यालय नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड जनपद–उत्तरकाशी

24 फरवरी, 2023 ई0

संख्या–587/सम्पत्ति–कर / 2022-23–नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी की सीमान्तर्गत उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त) की धारा–298(1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा–128(1) के तहत भवनों या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर सम्पति कर/भवनकर आरोपित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी द्वारा सम्पत्ति/भवनकर उपविधि–2023 बनायी गई है।

सम्पत्ति/भवनकर उपविधि–2022–23

1– संक्षिप्त नाम प्रसार और प्रारम्भ :–

(क) यह उपविधि नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, जनपद–उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड) "सम्पत्ति/भवनकर उपविधि–2022–23 कहलायेगी।

(ख) यह उपविधि नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, जनपद–उत्तरकाशी(उत्तराखण्ड) की सीमा मे प्रवृत्त होगी।

(ग) यह उपविधि नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, जनपद–उत्तरकाशी(उत्तराखण्ड) द्वारा प्रख्यापित अथवा शासकीय गजट मे प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2– परिभाषाऐं :–

किसी विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि मे –

(क) "नगर पालिका परिषद" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड जनपद उत्तरकाशी से है।

(ख) "सीमा" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड जनपद उत्तरकाशी की सीमा से है।

(ग) "अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड जनपद उत्तरकाशी से है।

(घ) "अध्यक्ष" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड जनपद उत्तरकाशी के निर्वाचित अध्यक्ष से है।

(ड) "बोर्ड" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड के निर्वाचित अध्यक्ष/सदस्य अथवा प्रशासक से है।

(च) "अधिनियम" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 (उत्तराखण्ड मे यथा प्रवृत्त) से है।

(छ) "वार्षिक मूल्याकंन" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–140 व धारा–141 के अन्तर्गत वार्षिक मूल्य से है।

(ज) "सम्पत्ति/भवनकर" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–128 के अन्तर्गत भवनों या भूमि यो दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर से है।

(झ) "समिति" का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–104 के अन्तर्गत गठित समिति से है।

(प) "भवन एवं भूमि" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद की सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि से है।

(फ) "स्वामी" का तात्पर्य भवन एवं भूमि के स्वामी से है।

(ब) "अध्यासी" का तात्पर्य नगर पालिका परिषद सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि से है।

3– **वार्षिक मूल्यांकन** :– नगर पालिका परिषद सीमान्तर्गत स्थित भूमि एवं निर्मित भवन पर सम्पत्ति/भवनकर निर्धारण हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–141(1) के अन्तर्गत कर निर्धारण के प्रयोजन के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा समय–समय पर पारिश्रमिक सहित या रहित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को चाहे वे सदस्य हों, या न–हों अथवा संस्था/एजेन्सी नियुक्त किया गया या किये गये व्यक्ति/संस्था/एजेन्सी ऐसे प्रयोजन के लिए किसी सम्बद्व सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं। सम्पत्ति/भवनकर निर्धारण हेतु निम्नानुसार वार्षिक मूल्यांकन किया जायेगा।

(क) रेलवे स्टेशनों, कालेजों, स्कूलों, होटलों, कारखानों, वाणिज्यक भवनों और अन्य अनावासीय भवनों की दशा मे भवन व–निर्माण की अनुमानित लागत लो0नि0वि0 की प्रचलित शेयडूल रेट और उससे अनुलगन भूमि की अनुमानित मूल्य तत्यमय प्रचलित सर्किल रेट को जोडकर निकाली गयी धनराशि का 5 प्रतिशत से अनाधिक पर वार्षिक मूल्यांकन का आंकलन किया जायेगा।

(ख) खण्ड (क) के उपबन्धो के अन्तर्गत न आने वाले किसी भवन या भूमि की दशा मे, यथा स्थिति भवन की दशा मे प्रतिवर्ग फुट कारपेट क्षेत्रफल पर लागू न्यूनतम मासिक किराया दर या भूमि की दशा मे प्रतिवर्गफुट क्षेत्रफल पर लागू न्यूनतम मासिक किराया भवन के कारपेट क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल से गुणा किये जाने पर आए 12 गुना मूल्य से है और इस प्रयोजन के लिए प्रतिवर्ग फुट मासिक किराया दर पर इस प्रकार होगी जैसे कि नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रत्येक दो वर्ष मे एक बार भवन या भूमि की अवस्थिति, भवन निर्माण की प्रकृति, भारतीय स्टाम्प अधिनियम–1899 के प्रयोजन के लिए कलैक्टर द्वारा नियम सर्किल दर के आधार पर नियत किया गया जाये और ऐसे भवन या भूमि के लिए क्षेत्रफल मे चालू न्यूनतम दरं और अन्य कारक इस प्रकार होगें जैसे निहित किया जाये।

(ग) खण्ड (क) (ख) के अन्तर्गत न आने वाले किसी भवन या भूमि की दशा मे यथास्थिति, ऐसे आवासीय एवं अनावासीय (दुकानार्थ) जो किराये पर उठाये गये हों, उनका वार्षिक मूल्यांकन शहर की प्रथलित बाजार दर अथवा उस क्षेत्र के लिए कलैक्टर द्वारा तत्समय किराये हेतु प्रचलित सर्किल रेट से जो भी अधिकतम हो, के अनुसार किराये के भवन के प्रतिवर्ग फुट या मीटर मासिक किराया दर पर निर्धारण करना होगा और मासिक किराये को 12 गुना पर वार्षिक मूल्यांकन पर निर्धारण हेतु किया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि जहाँ नगर पालिका परिषद की राय मे असाधारण परिस्थितियों के कारण किसी भवन का वार्षिक मूल्य, यदि उपर्युक्त निधि से गणना की गयी हो, अत्यधिक हो, वहां नगर पालिका परिषद किसी भी कम धनराशि पर जो उसे समयपूर्ण प्रतीत हो वार्षिक मूल्य नियत कर सकती है।

1– वार्षिक मूल्य की गणना के प्रयोजन के लिए कारपेट क्षेत्र की गणना निम्नलिखित रूप से की जायेगी –

(क) कक्ष–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(ख) आछादित बरामदा–आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(ग) बालकोनी,गलियारा, रसोई घर और भण्डार गृह – आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप,

(घ) गैराज–आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप,

(ड) गैराज–आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप,

(च) स्नानागार, शौचालय, द्वारमण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल का अंग नही होगा।

2– उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम–1972 के प्रयोजन के लिए किसी भवन का मानक किराया, या युक्तियुक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक गणना करते समय हिसाब मे नही लिया जायेगा।

3– सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु वार्षिक मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण निर्धारित प्रपत्र मे प्रत्येक भवन एवं भूमि का मौके पर निरीक्षण करने के उपरान्त यथा स्थिति के अनुसार किया जायेगा।

4– भूमि/भवन के वार्षिक मूल्यांकन पर कर–भवन एवं भूमि के वार्षिक मूल्यांकन पर 10 प्रतिशत सम्पत्ति/ भवन कर लिया जायेगा, परन्तु निम्नलिखित भवन एवं भूमि अथवा उसके भाग निम्नानुसार कर से मुक्त रहेगें।

(क) मन्दिर, गुरूद्वारा, मस्जिद अथवा दूसरे धार्मिक संस्थाएं जो सार्वजनिक तथा रजिस्टर्ड ट्रस्ट या संस्था के अधीन हों, परन्तु जो स्थान अथवा स्थानो के भाग रहने अथवा किराये पर या अन्य प्रकार से आय अर्जित की जाती है तो उन पर कर की छूट का नियम लागू नही होगें।

(ख) अनाथालय, स्कूल, छात्रावास, चिकित्सालय, धर्मशालाएँ तथा इस प्रकार से अन्य भवन तथा भूमि जो इस प्रकार की दान की संस्थाओं की सम्पत्तियों और उन्ही संस्था द्वारा ऐसे कार्य करती हो।

(ग) नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड की समस्त परिसम्पत्तियाँ।

5– कर निर्धारण सूचियों का प्रकाशन – भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन पर सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–141 के अधीन तैयार की गयी सूचियों का प्रकाशन जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं निरीक्षण के लिए नगर पालिका परिषद कार्यालय के अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रदर्शित की जायेगी तथा समाचार पत्र मे इस आशय की सूचना प्रकाशित करते हुए अपील करनी होगी कि

पंचवर्षीय गृहकर का निर्धारण किया जा चुका है, जिस किसी व्यक्ति अथवा भवन स्वामी या अध्यासी को कर निर्धारण सूची का अवलोकन एवं निरीक्षण करना हो वे नगर पालिका परिषद कार्यालय मे आकर निर्धारण सूचियों का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सकते हैं, तथा प्रस्तावित कर निर्धारण की सूचना सम्बन्धित प्रत्येक भवन स्वामी को 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु दी जानी आवश्यक होगी और कर निर्धारण सूचियों मे प्राप्त आपत्तियों को मोहल्ले/वार्ड वार क्रम संख्या देते हुए आपत्ति एवं निस्तारण पंजिका मे अंकित किया जायेगा।

6– आपत्तियों का निस्तारण – भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन अथवा कर निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–104 के अन्तर्गत गठित समिति अथवा समिति गठित न होने के फलस्वरूप अधिशासी अधिकारी द्वारा निम्न प्रकार से किया जायेगा –

(क) प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई हेतु तिथि एवं समय नियत करते हुए आपत्तिकर्ता को लिखित सूचना प्रेषित करनी होगी।

(ख) आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति एवं निर्णय सम्बन्धित पत्रावली अथवा आपत्ति निस्तारण पंजिका मे जस्टीफिकेशन के साथ दर्ज करनी होगी।

(ग) शासनादेश संख्या 2064/नौ–9–97–79ज/97 दिनांक 28.06.1997 द्वारा वार्षिक मूल्यांकन एवं कर निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई और निस्तारण दिये गये निर्देशानुसार दी जायेगी।

7– कर निर्धारण सूचियों का अभीप्रमाणीकरण और अभिरक्षा–

(क) अधिशासी अधिकारी या इस निमित प्राधिकृत अधिकारी, यथास्थिति, नगर पालिका परिषद क्षेत्र या ..उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करेगा।

(ख) इस प्रकार से अभिप्रमाणित सूची को नगर पालिका परिषद कार्यालय मे जमा किया जायेगा।

(ग) जैसे सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की सूची इस प्रकार से जमा कर दी जाये वैसे ही निरीक्षण हेतु खुले होने के लिए सार्वजनिक सूचना द्वारा घोषणा की जायेगी।

(घ) कर निर्धारण सूचीयों मे उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही होने के उपरान्त सम्पत्ति/भवन कर मांग एवं वसूली पंजिका मे अन्तिम रूप से सूची दर्ज करते हुए नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–166 के अन्तर्गत दावों की वसूली हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशानुसार करनी होगी।

8– कोई भी व्यक्ति किसी समय भवनों की एसेसमेन्ट सूची पर अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करा सकता है और जिस समय तक आवेदन–पत्र को अस्वीकार करने का काफी कारण न हो उसका नाम दर्ज कर लिया जायेगा, अस्वीकृति का कारण लिख दिया जायेगा।

9– जब इस बात मे शक हो कि भवन या भूमि पर कि जिसका नाम स्वामी के रूप मे दर्ज किया जाये तो बोर्ड या समिति या वह अधिकारी दिया हो, यह तय करेगा कि किसका नाम स्वामी के तौर पर दर्ज होना चाहिए। इसका निश्चय उस समय तक लागू रहेगा जब तक सशक्त न्यायालय उसको रद्द न कर दे।

10– (1) अगर किसी ऐसे भवन या भूमि के स्वामी होने का अधिकार जिस पर यह लागू हो, हस्तान्तरित किया जाये तो अधिकार हस्तान्तरित किया जाये तो अधिकार हस्तान्तरित करने वाला या जिसको हस्तान्तरित किया जाये, वह यदि कोई दस्तावेज़ न लिखी गयी

हो तो अधिकार लेने की तिथि से और लिखि गयी हो तो दस्तावेज लिखे जाने या रजिस्ट्री होने या हस्तान्तरित होने की तिथि से तीन माह के अन्दर हस्तान्तरित होने की सूचना अध्यक्ष को अथवा अधिशासी अधिकारी को देगा।

(2) किसी ऐसे भवन या भूमि का स्वामी जिस पर कर लागू है, की मृत्यु के पश्चात उसका उत्तराधिकारी या जो जायदात का स्वामी हो, इसी प्रकार स्वामी होने के तीन के अन्दर सूचना देगा।

11— (1) सूचना मे जिसका विवरण पहले दिया गया है, उक्त नियम मे उल्लिखित सभी विवरण सफाई से और ठीक तौर पर दिये जायेगें।

(2) हर ऐसा व्यक्ति जिसको जायदाद हस्तान्तरित की गयी हो, अधिशासी अधिकारी के मांगने पर दस्तावेज (अगर लिखी गयी है) या उसकी एक प्रतिलिपि जो इंडियन रजिस्ट्रेशन एक्ट 1877 ई0 के अनुसार ली गयी हो, पेश करेगा।

12— उत्तर प्रदेश नगर पालिका एक्ट 1916 की धारा 151(2) के अधीन कर की थोडी माफी या ऐसी माफी के लिए भवन का स्वामी जिसमें कई किरायेदार रहते हो, भवन पर कर लागू करने के समय बोर्ड से प्रार्थना कर सकता है कि तमाम भवन का कर लागू करने के अलावा हर एक भाग का वार्षिक मूल्य अलग अलग एक नोट मे दर्ज किया जाये और जब कोई भाग, जिसका वार्षिक मूल्य अलग दर्ज हो गया है, या किराये के नब्बे दिन या इससे अधिक समय के लिए किसी साल मे खाली रहा हो तो कूल भवन के कर का वह हिस्सा माफ किया जाये जो कि एक्ट की धारा 151(1) के अधीन वापस या माफ किया जाता यदि भवन के भाग पर अलग कर लागू किया होता।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगर पालिका ,अधिनियम 1916 की धारा—299(1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके नगर पालिका परिषद एतद्द्वारा निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधि उल्लघंन करने के लिए अर्थदण्ड रू0 5000.00 (रूपये पाँच हजार मात्र) तक हो सकता है और यदि उल्लंघन निरन्तर जारी रहा हो तो प्रथम दोष सिद्वी के दिनांक से ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिनके बारे मे यह सिद्व हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, अतिरिक्त जुर्माना किया जा सकता है जो रू0 200.00 (रूपये दो सौ) प्रति दिन तक हो सकता है।

यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो तो इस अधिसूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपनी आपत्तियां, सुझाव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड को उपलब्ध करा सकते है, अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि सम्बन्धित व्यक्ति को प्रस्तावित नियमावली के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है एवं तदनुसार इस सम्बन्ध में अंतिम अधिसूचना निर्गत कर दी जायेगी।

यह उप—नियमावली नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड, जनपद—उत्तरकाशी (उत्तराखण्ड) के मा0 नगर पालिका परिषद बोर्ड की सहमति पर बोर्ड की बैठक दि0 22.03.2022 में प्रस्ताव संख्या—13 के द्वारा पारित की गयी।

ह0 (अस्पष्ट)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,
चिन्यालीसौड।

ह0 (अस्पष्ट)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
चिन्यालीसौड।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, विकासनगर (देहरादून)

सार्वजनिक सूचना

उपविधि (By laws)

07 सितम्बर, 2022 ई0

पत्रांक–610/से0मैने0–उपविधि/2022-23–नगरपालिका परिषद विकासनगर जिला देहरादून सीमान्तर्गत उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम–1916 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) की धारा–298 की उपधारा–2 खण्ड–ख के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका परिषद विकासनगर द्वारा प्रभारी सचिव शहरी विकास उत्तराखण्ड शासन देहरादून के पत्र सं0–597IV(2)–श0वि0–2017–50(सा0)/16 दिनांक 22–05–2017, और उत्तराखण्ड राज्य सेप्टेज प्रबन्धन प्रोटोकोल–2017 एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश सं0–10/2015 दिनांक 10–12–2012 में दिये गये निर्देशानुसार "फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधकीय उपविधि" बनाई जाती है, जो नगरपालिका अधिनियम–1916 की धारा–301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य अथवा जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पड़ने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव के लिए प्रकाशित की जा रही है।

अतः जनसामान्य के अवलोकनार्थ उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियां अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद विकासनगर, जिला देहरादून को प्रेषित की जा सकेगी, वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों एवं सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा।

भाग 1: उपविधि (By laws)

फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि-2021

1. शीर्षक, विस्तार और प्रारंभ

यह उपविधि नगरपालिका परिषद विकासनगर, देहरादून "फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (FSSM)" उपविधि, 2021 कहलायेगी, जो नगरपालिका परिषद विकासनगर, देहरादून के अधिकार-क्षेत्र में/पर लागू होगी।

यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी हो जाएगी।

2. अधिकार

यह उपविधि निम्नलिखित कानून के प्रावधानों को कार्यान्वयन में लाने के लिए सक्षम करता है:

a. उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम-1916 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त)
b. उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल-2017
c. राष्ट्रीय नीति फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन (FSSM)-2017
d. CPHEEO मैनुअल ऑन सीवरेज एंड सीवेज मैनेजमेंट-2013
e. मॉडल बिल्डिंग उपनियम-2016 और अन्य लागू बिल्डिंग कोड
f. मैनुअल स्कैवेंजर्स (हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों) के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास उपविधि-2013
g. IS Code 2470 Part I & II, 1985 (Reaffirmed 1996) & Code of Practice for Installation of Septic Tanks (सेप्टिक टैंक की स्थापना के लिए अभ्यास संहिता)
h. केंद्रीय कानून, नियम और विनियम (पर्यावरण संरक्षण उपविधि-1986)

i. जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण उपविधि-1974

j. उत्तराखंड के समस्त राज्य कानून पानी और स्वच्छता से संबंधित

3. विषय क्षेत्र

यह उपविधि नगर पालिका परिषद विकासनगर, देहरादून की प्रशासनिक सीमा के भीतर FSSM में लगे सभी हितधारको के लिए लागू है-ऑनसाइट सैनिटेशन सिस्टम (OSS) के स्वामी और उपयोगकर्ता, डीस्लजिंग और सेप्टज ट्रांसपोर्टेशन आपरेटर, सेप्टेज उपचार और निपटान के लिए जिम्मेदार सभी एजेंसियां, शहरी स्थानीय निकाय, सेप्टेज मैनेजमेंट सेल (SMC) समेत।

यह उपविधि नगर पालिका परिषद विकासनगर, देहरादून में स्थित सभी भवनो पर लागू होगा चाहे सार्वजनिक या निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, औद्योगिक, प्रस्तावित, नियोजित या मौजूदा।

4. सेप्टेज मैनेजमेंट सेल (SMC)

उत्तराखंड राज्य सेप्टेज् प्रबंधन प्रोटोकोल-2017 अनुसार, नगर पालिका परिषद विकासनगर, देहरादून एक सेप्टेज मैनेजमेंट सेल (SMC) का गठन करेगा, जिनमें निम्नलिखित सदस्य रहेंगे:

क्र0	पद	सदस्य
1	सब-डिविजनल मजिस्टेªट (SDM) (Sub-division का नाम)	अध्यक्ष
2	अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद विकासनगर, देहरादून	सदस्य सचिव
3	उत्तराखंड जल संस्थान के प्रतिनिधि (A.E. के पद से नीचे नहीं)	सदस्य
4	उत्तराखंड पेयजल निगम के प्रतिनिधि (A.E. के पद से नीचे नहीं)	सदस्य
5	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि	सदस्य
6	स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि	सदस्य
7	अन्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जा सकता है जो SMC को तकनीकी सलाह प्रदान कर सके	सदस्य

नगर पालिका परिषद विकासनगर और SMC इस उपविधि का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे तथा इसके अंतर्गत संचालन की निगरानी करेंगे और (non-complying actors) पर पेनल्टी लगा सकते हैं। इस उपविधि में निर्धारित कर्तव्यो और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए SMC की बैठक समय-समय पर आहूत की जाएगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विकासनगर, जो सदस्य सचिव हैं, SMC बैठक बुलाएँगे। SMC की निगरानी जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली निगरानी समिति (Monitoring Committee) द्वारा की जाएगी, जैसा कि उत्तराखंड राज्य सेप्टेज प्रबंधन प्रोटोकोल 2017 में उल्लिखित है।

5. ऑन साइट सैनिटेशन सिस्टम (OSS) का निर्माण और रखरखाव

यह खंड ऑनसाइट सैनिटेशन सिस्टम (OSS) जैसे कि सेप्टिक टैंक, गड्ढे, बयो-डाइजेस्टर आदि के निर्माण और रखरखाव में विभिन्न हितधारकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की रूपरेखा देता है।

